मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 43 ■ अंक : 26 ■ बुधवार, 2 अप्रैल 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
मलाइका के घर अनजान लड़की

# IPL सट्टेबाजी में बर्बाद हो रहे युवा

## 'ऑनलाइन नेटवर्क' ऐप, वेबसाइट और फर्जी आईडी के जाल में फंस रही उल्हासनगर की युवा पीढ़ी

**उल्हासनगर.** आईपीएल-18 को लेकर शहर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा इस कदर चरम पर पहुंच गया है कि युवाओं की जान खतरे में पड़ गई है। कई युवा मोबाइल एप्स, वेबसाइट, फर्जी यूजर आईडी और डिजिटल ट्रांसफर के जाल में फंसकर सचमुच बर्बाद हो रहे हैं। युवा लोग 'रातों-रात अमीर बनने' के सपने के साथ सट्टेबाजों के जाल में फंस जाते हैं और अंततः कर्ज, अपमान और मनोवैज्ञानिक दबाव से थककर अपनी जान ले लेते हैं। सट्टा मोबाइल पर 'ऑल पैनल', 'देव बुक', 'एनआर बुक' जैसे ऐप का उपयोग करके खेला जाता है। इसके लिए यूजर को एक 'आईडी' दी जाती है, जिसके जरिए वह पूरे प्लेटफॉर्म पर गेंदों पर पैसे लगाता है। सट्टेबाजों द्वारा संचालित ये वेबसाइट और ऐप हर दिन करोड़ों रुपए का कारोबार करते



### ■ शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर सट्टेबाज

सट्टेबाज वहां बैठे 'पंटर्स' के माध्यम से पूरे नेटवर्क का संचालन करते हैं। पुलिस की नजरों से बचने के लिए अब सभी लेन-देन डिजिटल हो गए हैं। इससे अपराध साबित करना और अधिक कठिन हो गया है। शहर में कई युवा इस ठगी के जाल में फंस चुके हैं। कई लोगों ने जुआ खेलने के लिए ऋण लिया, हार गए और अंततः अवसाद में डूब गए और आत्महत्या का रास्ता चुन लिया।

### ■ पुलिस के साथ अभिभावकों की भी जिम्मेदारी

युवाओं को इस संकट से बाहर निकालने की जिम्मेदारी पुलिस के साथ-साथ समाज, अभिभावकों, स्कूलों और कॉलेजों की भी है। उल्हासनगर में पनप रहा ऑनलाइन सट्टेबाजी का साम्राज्य न केवल अपराध का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक पतन का भी प्रतीक है। यदि आज सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो कल शहर अंधेरे में डूब जाएगा। यद्यपि पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। यह 'अटकलबाजी' का प्रश्न नहीं है, बल्कि 'अस्त-व्यस्त भविष्य' का प्रश्न है!

### ■ विधान सभा में उठा मुद्दा

सट्टा बाजार मामले का विवाद अब विधानसभा तक पहुंच गया है। विपक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और आईपीएल के दौरान पुलिस और प्रशासन की ढिलाई पर सवाल उठाए। इसलिए अब खुले तौर पर यह संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि अगर उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर और कल्याण जैसे इलाकों में बड़े पैमाने पर चल रहे सट्टे के अड्डों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो क्या इनको 'संरक्षण' प्राप्त है।

**सटोरियों के नाम...**
बंटी यवतमाल, बाबा हैदराबाद राजू अकोला, अवि, यूवी अंबरनाथ, राज सागर, छोटू हितेश, खान, विजू शेट्टी, हिरो कैलाश, सुरेश लॉटरी राम, कालू बजाज, राहुल बजाज, चिरंजीव आहुजा, रोहित पंजाबी, पंकज भाटिया, कंचन दुसेजा, सोनू शौकीन, पूजा आहूजा, सुनिल धनराजानी, विरू सत्या, सोनू सी., गिरीश जेसवानी, चांडवानी, किशु खान, अजय बटाटा, हीरा तलरेजा, कैलाश रामानी, राम, सुरेश पिन्या, अजय बटाटा, अमित डोंबिवली, मुकेश चावला, सोनू कल्याण, अमित मिटिजा, हरचंदानी, राडो, गत, मितिरो आदि सट्टेबाजों ने आज से अपना डेरा डालना शुरू कर दिया है जो दो माह तक करोड़ों के वारे-न्यारे के साथ तक चलेगा

दिसंबर 2023 में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका मैच के दौरान सट्टेबाजी चलने की सूचना मिलने के बाद धुले क्राइम ब्रांच ने होटल अमित प्लाजा, कमरा नंबर 112 में छापा मारा। वहां नीलेश राव नामक व्यक्ति के कब्जे से दो मोबाइल फोन मिले। इस पर 'ऑल पैनल' ऐप शुरू हो जाता है। जिसमें यूजरनेम और राशि दर्ज होने की बात सामने आई, पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने उल्हासनगर के नरेश रोहरा द्वारा उपलब्ध कराई गई फर्जी आईडी पर जुआ खेला था। इस मामले में धुले क्राइम ब्रांच पुलिस ने उल्हासनगर में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे थे। नरेश रोहरा, विक्की एनआर, राहुल बुलानी, मनीष गिदवानी, हितेश फर्जी, राहुल एनआर, बंटी एनआर समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पता चला कि 'देव बुक' और 'एनआर बुक' नामक फर्जी वेबसाइटों के जरिए लोगों को जुए में फंसाया जा रहा है।

# बारवी डैम में 50% पानी

## जलापूर्ति समाधानकारक होगी - एमआईडीसी



⏩उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के साथ पूरे ठाणे जिले की प्यास बुझानेवाले बारवी डैम में 50% पानी है, फिर भी लोगों को पूरा पानी दिया जाएगा. ऐसी जानकारी एमआईडीसी की ओर से दिया गया है. इस बार अगर मानसून देरी से भी आया तो नागरिकों को घबराने की जरूरत नहीं है. ऐसा धैर्य एमआईडीसी की ओर से दिया गया है.

विदित हो कि सन 2024 का मानसून नवंबर महिने तक जारी था. अक्टूबर, नवंबर में भी बारिश जारी रहने के कारण बारवी डैम में पानी कम नहीं हुआ था. इस वर्ष एप्रिल और मई माह में भयंकर धूप और गरमी होगी, ऐसा बताया जा रहा है. डैम में 50% पानी है, फिर भी नागरिक पानी का इस्तेमाल कम से कम करें, ऐसा आह्वान किया गया है. बारवी डैम से ठाणे जिले की नगरपालिका, महानगर पालिका, कई शहरों के साथ नवी मुंबई, मीरा भायंदर तक जलापूर्ति की जाती है. बारवी डैम में कितना पानी बचा है, इस पर पूरे जिले की नजर होती है.

अंबरनाथ के साथ ही कई शहरों में लोगों को दो से तीन दिनों तक पानी नहीं मिल रहा है. ये सब जलापूर्ति विभाग का नियोजन सही नहीं होने के कारण हो रहा है. लाखों लोगों की प्यास बुझाने वाले बारवी डैम में समाधानकारक पानी है. इस खबर ने लोगों का समाधान किया है. ये सब बारवी डैम की ऊंचाई बढ़ाने से, पानी का जमाव ज्यादा होने के कारण हुआ है.

# अंबरनाथ नगर परिषद की 18 स्कूल हो गई डिजिटल

⏩ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद की स्कूलों में विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षण मिले, इसके लिए 18 स्कूलों को इंटरेक्टिव पैनल वितरित किए गए हैं. कोंकण शिक्षण विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे और मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ के हाथों ये साहित्य सुपुर्द किए गए हैं.

विश्व हाईटेक हो रहा है. शिक्षण क्षेत्र में भी इसी दृष्टि से शिक्षण में भी बदलाव लाना जरूरी है. नपा की स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 90 फीसदी गरीब हैं. विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा मिले, उनकी भी प्रगति हो, इसके लिए नगरोत्थान डीपीटीसी अंतर्गत अंबरनाथ और बदलापुर में कुल 66 स्कूलों में करीब 2 करोड़ की निधि से इंटरेक्टिव पैनल बांटे गए हैं. इसलिए अब नगर परिषद द्वारा संचालित स्कूलें भी डिजिटल हो गई है. इन साहित्य में इंटरेक्टिव पैनल, प्रिंटर, प्रोजेक्टर, माइक सिस्टम ऐसे प्रत्येक स्कूल को 2 लाख 14 हजार रुपए का साहित्य शुक्रवार को अंबरनाथ नगर परिषद स्थायी सभागृह में वितरित किए गए. शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे, विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, मुख्याधिकारी गायकवाड़ के हाथों साहित्य प्रदान किए गए. पालिका स्कूलों का अब दर्जा बढ़ जाने से उम्मीद की जा रही है कि नपा स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में भी बढ़त्तरी होगी.

# खिड़की की ग्रिल टूटने से 2 बच्चे दूसरी मंजिल से गिरे

### ■ बड़ा हादसा बाल-बाल टला
### ■ उल्हासनगर 5 के गांधी चौक की घटना





उल्हासनगरः उल्हासनगर में एक भयानक हादसा हुआ, जिसमें दो बच्चों की जान बाल-बाल बच गई है. दो बच्चे खिड़की की ग्रिल में बैठे थे। अचानक ग्रिल टूटने के कारण बच्चे इमारत की दूसरी मंजिल से गिर गए। इस घटना में दोनों बच्चे घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना उल्हासनगर के कैंप 5 में घटी। गांधी रोड पर एक हरे कृष्ण भवन है। इस इमारत की दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट की ग्रिल में एक सात वर्षीय लड़का और एक चार वर्षीय लड़की बैठे थे। जब दोनों ग्रिल में निश्चिंत थे, तभी अचानक खिड़की पर लगी ग्रिल टूटकर नीचे गिर गई।

महत्वपूर्ण बात यह है कि जब ग्रिल गिरी तो वह इमारत के परिसर में पतरे पर गिरी। सौभाग्यवश, ग्रिल के पतरे पर गिर जाने से बच्चों की जान बच गई। लेकिन इस घटना में दोनों बच्चे घायल हो गए। सात वर्षीय लड़के के दांत टूट गए हैं तथा सिर में भी चोटें आई हैं। चार साल की बच्ची को भी मामूली चोटें आईं। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार....**
हम इमारत से कुछ ही दूरी पर स्थित एक कार्यालय में बैठे थे। जब मैं ऑफिस में बैठा था तो अचानक मुझे तेज आवाज सुनाई दी। जब हम तुरंत बाहर आए तो देखा कि ग्रिल टूट जाने के कारण दो बच्चे नीचे गिर गए थे। खिड़की पर लगी ग्रिल पूरी तरह से सड़ कर टूट चुकी थी। लेकिन चूंकि इमारत के नीचे एक बड़ा शेड था, इसलिए टूटी हुई ग्रिल उसमें फंस गई और बच्चों की जान बाल-बाल बच गई। ग्रिल टूटकर इमारत के नीचे बने शेड पर गिर गई। ग्रिड गिरने से शेड टूट गया। जिस जगह ग्रिल गिरी थी, वहां शेड में एक बड़ा छेद है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इस शेड ने बच्चों की जान बचाई है।

# उल्हासनगर में टैंकरों के लिए देना होगा पैसा

### ■ उल्हासनगर महा नगर पालिका टैरिफ सूची घोषित





**उल्हासनगर.** बजट में पानी के शुल्क में मामूली वृद्धि करने वाली उल्हासनगर महानगरपालिका ने 1 अप्रैल से टैंकरों के लिए शुल्क की घोषणा की है, जिसकी लागत 200 रुपए प्रति टैंकर होगी। अतः यह स्पष्ट है कि टैंकर निःशुल्क उपलब्ध नहीं होगा।

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए महानगरपालिका के जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले ने एक टैरिफ की घोषणा की है, जिसके तहत 10,000 लीटर क्षमता वाले टैंकर के लिए 1,000 रु., 7,000 लीटर क्षमता वाले टैंकर के लिए 750 रु. एवं 10,000 लीटर क्षमता वाले टैंकर को भरने के लिए 350 रु. 7,000 लीटर क्षमता वाले टैंकर को भरने के लिए 300 रुपये का शुल्क लगेगा।

जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले ने पानी का दुरुपयोग न करने और उसका संरक्षण करते हुए उपयोग करने तथा मनपा प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।

इस बीच, पानी के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है, श्रीराम नगर के निवासी पानी की टंकी के नीचे विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और स्वराज्य संगठन के अध्यक्ष एड. जय गायकवाड़ ने मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है और शिवसेना के सोनू चैनपुर ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

कायद्याने वागा के अध्यक्ष राज असरोंडकर ने घोषणा की है कि वे टैंकर दर पत्रक का मुद्दा उठाएंगे। चूंकि अप्रैल और मई के महीने सूखे होते हैं, इसलिए यह भी माना जा रहा है कि इन दो महीनों में पानी का मुद्दा गरमाएगा. इस बीच, इस बारे में पूछे जाने पर जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले ने कहा कि इससे पहले उल्हासनगर में मुफ्त टैंकर उपलब्ध कराए जा रहे थे। ड्राइवरों और डीजल की लागत बढ़ रही थी। इसके अलावा साबले ने कहा कि टैंकर की मूल्य सूची न तो लाभ और न ही हानि के आधार पर घोषित की गई थी, क्योंकि पानी की बर्बादी हो रही थी।

# लावारिस वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका उन लावारिस वाहनों के खिलाफ विशेष कार्रवाई करने के लिए तैयार है जो लंबे समय से शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को अवरुद्ध कर रहे हैं और नागरिकों के लिए असुविधा का कारण बन रहे हैं। यह विशेष अभियान सरकार की सात सूत्री 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत 'ईजी लिविंग' की महत्वपूर्ण थीम के अंतर्गत मनपा के अनाधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

नागरिकों के घरों के सामने, गलियों, सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर कई दिनों तक खड़े या छोड़े गए वाहन यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि में 13 जनवरी को एक सरकारी निर्णय द्वारा नगरपालिका को 100 दिवसीय कार्ययोजना लागू करने का आदेश दिया गया है। नगर पालिका के इस अभियान से शहर की सड़कों की सुंदरता, परिवहन सुविधाओं और नागरिकों के जीवन में सुधार हुआ है।

# अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा 96.75% कर वसूली

### ■ मुख्याधिकारी के प्रयास का नतीजा
### ■ अधिकारियों-कर्मचारियों ने लगातार 90 दिन मेहनत की

⏩उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद ने इस वर्ष 2024-25 में 96.75% गृहकर वसूल किया है. अंबरनाथ शहर एक विकसित शहर है. औद्योगिक नगरी सभी मिलाकर एक वर्ष में 99.98 करोड़ रुपए वसूल करना है जिसमें से 74.09 करोड़ रुपए वसूल किए गए हैं.

मालमत्ता कर की कुल मांग 51.81 करोड़ में से 50.13 करोड़ रुपए वसूल किए गए हैं और उसका प्रतिशत 96.75% है. इस रिकार्ड वसूली कार्य में उमाकांत गायकवाड़ के मार्गदर्शन में कर अधिकारी नरेंद्र संख्ये उनके सभी कर्मचारियों ने शासन अनुसार दिए गए वसूली आर्थिक उद्दीष्ट पूरी करके सन 2024-25 आर्थिक वर्, में 15% ज्यादा बढ़ा गए कर वसूल किए गए हैं. 90 दिन तक शनिवार-रविवार कार्यालय चालू रखकर वसूली की गई है. जिसमें महिला वर्ग, सिपाई ने करीब 100 से 125 कैम्प लगाकर घरों में जाकर वसूली करने का कार्य किया है. मार्च 2025 से अंबरनाथ शहर के औद्योगिक विभाग व वाणिज्य गालेधारकों से ज्यादा बाकी की रकम होने के कारण समय पर कर नहीं भरने से सील करने का कार्य किया मुख्याधिकारी के आदेश पर स्वतः कर अधिकारी ने जाकर 80 से 90 कंपनी गोदामों को सील किया. इस परिश्रम के बाद 96.75% कर वसूली की गई है. कर अधिकारी नरेंद्र संख्ये, कर निरीक्षक प्रशांत राणे, नवनीत देवरे व अन्य गृहकर विभाग के कर्मचारियों के कामों की प्रशंसा की गई है. सभी महिला वर्ग द्वारा वसूली के लिए किए गए प्रयासों की भी प्रशंसा की गई है.

# किसानों के जख्मों पर नमक छिड़क रही सरकार



## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उठाया सवाल- 'दादा, क्या हुआ तेरा वादा?'

**उल्हासनगर.** विधानसभा चुनाव में कर्जमाफी का वादा कर महायुति ने राज्य के किसानों के वोट तो हासिल कर लिए, लेकिन अब वे कह रहे हैं कि 31 मार्च से पहले फसल ऋण चुका दें, उन्हें कर्जमाफी नहीं मिलेगी। उपमुख्यमंत्री अजित पवार का कर्जमाफी नहीं दिए जाने का बयान किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उल्हासनगर में सवाल उठाते हुए कहा है कि 'दादा, क्या हुआ तेरा वादा?'

पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने आगे कहा कि चुनाव प्रचार और घोषणापत्र के दौरान महायुति ने किसानों को कर्जमाफी और प्यारी बहनों को 2100 रुपये देने का वादा किया था। लेकिन आज भी प्यारी बहनों को मात्र 1500 रुपये ही दिये जा रहे हैं। इसके विपरीत, लड़की बहन योजना से 10 लाख बहनों के नाम काट दिए गए हैं। बजट में किसान कर्ज माफी पर एक भी शब्द नहीं है। सपकाल ने यह भी कहा कि लगातार मोदी-शाह का गुणगान करने वाले ट्रिपल इंजन सरकार के नेताओं को दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से राज्य के लिए विशेष पैकेज लाना चाहिए।

कांग्रेस सरकार ने सत्ता का विकेन्द्रीकरण किया। लेकिन मोदी सरकार की नीति सत्ता को केंद्रीकृत करने की है। चूंकि केवल कुछ विधायकों और सांसदों के साथ 140 करोड़ की आबादी वाले देश का प्रतिनिधित्व करना मुश्किल है, इसलिए सत्ता को नगरसेवकों, सरपंचों, स्पीकरों, महापौरों तक विकेंद्रीकृत किया गया था, लेकिन भाजपा, विशेष रूप से नरेंद्र मोदी, केंद्र में सत्ता चाहते हैं और राज्य में देवेंद्र फडणवीस, और उनकी जिद के कारण, तीन साल से स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हुए हैं। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष सपकाल ने भी कहा कि प्रशासन सत्ता में है और आम लोगों के अधिकारों को कुचला जा रहा है।

# नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए बनेगा टास्क फोर्स

### ■ एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय; उपायों पर चर्चा





**उल्हासनगर.** वर्षों से बदबू और गंदगी से त्रस्त उल्हास और वालधुनी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। नदी संरक्षण के लिए मुंबई स्थित एमएमआरडीए मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नदी प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल, ठोस और दीर्घकालिक उपायों की दिशा निर्धारित की गई।

नगरीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष सिद्धेश कदम की मौजूदगी में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने एक विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में उल्हास और वालधुनी नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति बनी। उल्हास नदी से पानी निकालने का काम अगले 15 दिनों में शुरू हो जाएगा।

उल्हास नदी में जल संकट का मुद्दा हाल के दिनों में गंभीर हो गया है। कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र में जलकुंभी को हटाने के लिए भी विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इस पर गंभीरता से ध्यान देते हुए सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की। इस समय जलकुंभी को हटाने, उल्हास नदी और वालधुनी नदी के प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने और कुछ दीर्घकालिक योजनाओं के कार्यान्वयन पर आम सहमति बनी।

इस अवसर पर बैठक में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक कुमार आयलानी, जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, विधायक विश्वनाथ भोईर, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष सिद्धेश कदम, ठाणे जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले, कल्याण-डोंबिवली मनपा आयुक्त इंदुरानी जाखड़, पर्यावरण विभाग, एमएमआरडीए और एमपीसीबी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ■ नई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप तथा निरी संस्था की योजना में व्याप्त कमियों को दूर करते हुए प्रदूषण नियंत्रण हेतु नवीन दीर्घकालिक उपायों सहित विस्तृत योजना तत्काल तैयार करने का आदेश जारी किया गया।

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के माध्यम से अगले 25 दिनों में नदी से जल प्रदूषण हटाने के लिए 10 मशीनें किराए पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

नदी में औद्योगिक रसायन छोड़ने वाले टैंकर माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर नगर निगम तथा जिला परिषद संयुक्त रूप से प्रदूषण निवारण के लिए कार्य योजना का क्रियान्वयन करेंगे।

### ■ सीवेज का स्रोत ढूंढा जाएगा

स्थानीय महानगर पालिकाओं को एमपीसीबी की सहायता से नदियों और झरनों में मिलने वाले अपशिष्ट जल के स्रोतों की पहचान करनी होगी तथा उसे उपचार संयंत्रों तक पहुंचाने के लिए एक प्रणाली स्थापित करनी होगी।

विशेष टास्क फोर्स नदी के पानी की निरंतर निगरानी करेगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, तथा आगामी पर्यावरण दिवस पर नदी शुद्धिकरण योजना की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## हादसों से नहीं ली जा रही सीख

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि आगे ऐसे इंतजाम किए जाएं ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर विडंबना है कि लगभग एक ही प्रकृति के हादसों का सिलसिला बना रहता है। सरकार की ओर से आगे सब ठीक करने के आश्वासन से ज्यादा कुछ भी ठोस सामने नहीं आता। पिछले कुछ वर्षों से देश भर में रेल हादसों की जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि रेल सुरक्षा को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और कभी भी किसी दुर्घटना की खबर आ सकती है। सवाल है कि अगर देश के अलग-अलग हिस्सों में आए दिन रेलगाड़ियां हादसों का शिकार हो रही हैं, तो उसके लिए किसकी जवाबदेही बनती है और उसमें सुधार के लिए ठोस उपाय करने की जिम्मेदारी किसके कंधे पर है।

गौरतलब है कि ओड़ीशा के कटक जिले के निर्गुड़ी में रविवार को बंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य कई लोग घायल हो गए। हो सकता है कि कटक में हुई दुर्घटना में जानमाल का ज्यादा नुकसान न होना राहत की बात मानी जाए, लेकिन ग्यारह डिब्बों का पटरी से उतरना एक गंभीर घटना ही है। सच यह है कि एक छोटी चूक या लापरवाही की वजह से बहुत सारे लोगों की जान पर बन आती है और इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें ट्रेन हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा मुहैया कराने वाला है रेलवे विभाग

ऐसे हर हादसे के बाद सरकार की ओर से जांच और कार्रवाई करने की बात कही जाती है, लेकिन सवाल है कि चलती ट्रेन के पटरियों से उतरने और उससे उपजे जोखिम से यात्रियों को कब मुक्ति मिलेगी। लोग कब इस आशंका से पूरी तरह मुक्त होकर किसी ट्रेन से सफर करेंगे कि वह हादसे का शिकार न हो और वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं?

अक्सर ऐसी खबरें सुर्खियों में होती हैं, जिनमें बताया जाता है कि रेलवे विभाग जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा मुहैया कराने वाला है। इस तरह के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत यह है कि आए दिन किसी ट्रेन के पटरी से उतर जाने की खबर आती है, तो कभी किसी अन्य हादसे की। अगर दुर्घटना को लेकर लोगों के भीतर किसी तरह का केवल डर भी बैठता है, तो इसका कारण लगातार होने वाले रेल हादसे ही होते हैं।

# पेंशन व्यवस्था : निजी और सरकारी क्षेत्र का भेद मिटाना जरूरी

भारत में जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ लोगों के गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए पेंशन और हेल्थकेयर सुविधाओं की अनिवार्यता भी बढ़ती जा रही है। देश के सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने के लिए यूनिवर्सल पेंशन योजना के रूप में सरकार एक बड़ा कदम उठाने के तैयारी कर रही है, जिसके अंतर्गत 18 साल से अधिक का कोई भी व्यक्ति स्वैच्छिक अंशदान कर 60 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन पाने का हकदार बन सकता है।

छोटे दुकानदारों, स्वरोजगारों, श्रमिकों, गिग श्रमिकों आदि के लिए बनाई जा रही इस यूनिवर्सल पेंशन द्वारा सरकार पेंशन संरचना को और अधिक सरल बनाना चाहती है। इस योजना का कार्यान्वयन भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ द्वारा किए जाने से सरकार पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। इससे न सिर्फ सरकारी निधियों का उचित आवंटन होगा, बल्कि पेंशन लाभ को बढ़ाने और लाभार्थियों के दोहराव को रोकने में भी मदद मिलेगी।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, छोटे व्यापारियों आदि को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना आदि चलाई जा रही है। इसके साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा भी अनेक प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है, जिन पर लगभग 150 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जा रहा है।

इन सभी योजानओं को एकीकृत कर सरकार यूनिवर्सल पेंशन योजना बनाने की दिशा में



अग्रसर है। केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली पेंशन राशि 500 से लेकर 3000 रुपये तक है। यूनिवर्सल पेंशन योजना के आने का एक बड़ा लाभ यह होगा कि लाभार्थियों की गिनती दोबारा नहीं होगी।

दूसरा लाभ यह होगा कि अधिक लोग इस योजना के दायरे में सम्मिलित हो सकेंगे, जो पहले किसी भी योजना का हिस्सा नहीं हैं। तीसरा, 15-20 साल बाद मिलने वाली पेंशन में वह एक सम्मानजनक राशि पाने के हकदार भी बन जाएंगे, जिससे बुढ़ापे में उनकी बुनियादी आवश्यकताएं भी पूर्ण हो सकेंगी।

भारत में सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता इसलिए भी महत्वपूर्ण होती जा रही है, क्योंकि आने वाले समय में गिग श्रमिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नीति आयोग के अनुसार देश में 77 लाख गिग कर्मचारियों के लिए किसी भी तरह की कोई भी सामाजिक सुरक्षा नहीं है। दूसरी ओर बुजुर्गों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

एक अनुमान के अनुसार 2036 तक भारत में 60 वर्ष से अधिक की बुजुर्ग आबादी 22 करोड़ से अधिक और 2050 तक लगभग 34 करोड़ से अधिक हो जाएगी। इन लाखों बुजुर्गों को भविष्य में सुरक्षा बीमा देने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। यूनिवर्सल पेंशन योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए ईपीएफओ द्वारा संचालित प्रशासनिक स्तर की प्रक्रिया, लोगों द्वारा किए जाने वाले अंशदान और मिलने वाली पेंशन की राशि जैसे नियमों आदि को बहुत सरल और स्पष्ट बनाना होगा।

यह मेगा प्लान तभी गेमचेंजर बन सकता है, जब कम आय वाले लोगों को कम लागत के साथ अधिक सुरक्षित पेंशन के साथ दिया जाएगा। निम्न आय वाले लोगों को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके द्वारा की गई बचत सुरक्षित रहेगी और पेंशन में उनको कम से कम एक निश्चित राशि तो अवश्य मिलेगी ही। इसके लिए ईपीएफओ को सरकारी बांड, कारपोरेट बांड और शेयर बाजार के जोखिम से बचने और अच्छा रिटर्न लेने के लिए निवेश में संतुलन बनाने पर फोकस करना होगा।

15-20 साल बाद मिलने वाली पेंशन को अटल पेंशन स्कीम की तरह आठ प्रतिशत के रिटर्न के साथ जोड़ना वास्तव में एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो मुद्रास्फीति से भी सुरक्षा प्रदान करेगा। इसमें लोगों की प्रतिभागिता को बढ़ाने के लिए प्रत्येक संस्था और ठेकेदारी व्यवस्था में यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि सभी लोगों को वेतन बैंक के माध्यम ही मिलना चाहिए। प्रत्येक कर्मचारी का खाता भी ईपीएफओ में अवश्य ही होना चाहिए।





हमारी आत्मा, जिसका सार-तत्व वही है जो परमात्मा का है, विशुद्ध चेतनता की उपस्थिति में ही आनंद पाती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# लोकतंत्र में बोलने की स्वतंत्रता

किसी भी देश के लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह होती है कि वहां अलग-अलग विचारों या मत को जाहिर करने के मामले में ऐसी बंदिशें नहीं होतीं, जिसे अभिव्यक्ति के दमन के तौर पर देखा जाए। एक वैचारिक रूप से सशक्त और परिपक्व समाज अपने विवेक के स्तर पर इतना समृद्ध होता है कि वह किसी विचार में मानवीय मूल्यों और संदर्भों को दूरगामी परिप्रेक्ष्य में देख सके। विडंबना यह है कि विचारों की जिस भिन्नता की बुनियाद पर एक स्वस्थ समाज का सपना साकार हो सकता है, उसी को कई बार सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है और इस तरह उसका दमन करने की कोशिश की जाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक बार फिर इस प्रवृत्ति को लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के सामने चुनौती की तरह देखा और साफ शब्दों में कहा कि अगर विचार और राय व्यक्त करने की आजादी नहीं होगी तो सम्मानजनक जीवन जीना नामुमकिन होगा, जिसकी गारंटी संविधान के तहत दी गई है।

गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ सोशल मीडिया पर उत्तेजक गीत के साथ एक संपादित वीडियो पोस्ट करने के लिए गुजरात के जामनगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप यह था कि गाने के बोल उत्तेजक, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले हैं। मामले की सुनवाई के बाद कथित 'भड़काऊ' कविता को लेकर दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए अदालत ने कहा कि साहित्य, जिसमें कविता और नाटक, फिल्में, मंचीय कार्यक्रम जैसे स्टैंड-अप हास्य, तंज और कला शामिल हैं, जीवन को और अधिक सार्थक बनाते हैं।



पीठ ने यह अहम टिप्पणी भी की कि हमारे गणतंत्र के पचहत्तर वर्ष के बाद भी हम इतने कमजोर नहीं दिख सकते कि सिर्फ एक कविता, कला या मनोरंजन के किसी भी रूप के प्रदर्शन से समुदायों के बीच दुश्मनी या घृणा पैदा होने का आरोप लगाया जा सकता है। जाहिर है, अभिव्यक्ति पर बंदिश के लिए जिस तरह की परिस्थितियां रची जाती हैं, पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह की चुनौतियां देखी जा रही हैं, वे देश में लोकतंत्र के लिए आखिरकार नुकसानदेह साबित होंगी और अदालत ने इसी को लेकर अपनी फिक्र जताई है।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि कोई भी लोकतंत्र तभी और ज्यादा मजबूत बनता है, जब उसमें अलग-अलग विचारों के प्रति भिन्न समुदायों के भीतर सहिष्णुता के लिए पर्याप्त जगह होती है। यों भी संविधान सभी नागरिकों को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। खासतौर पर बौद्धिक समाज अपने दायरे में किसी विचार के प्रति समर्थन या विरोध व्यक्त करने के लिए कई बार अलग-अलग रचनात्मक विधाओं का सहारा लेता है।

उसमें कानून और संविधान के तहत मिली आजादी के दायरे में वैसा आलोचनात्मक स्वर भी हो सकता है, जो किसी न किसी रूप में देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करे। अफसोस की बात है कि कई बार शब्दों में निहित संदेशों और प्रभाव को वैसे लोगों के आग्रहों के आधार पर देखने की कोशिश की जाती है, जो नाहक ही असुरक्षाबोध से घिरे रहते हैं और किसी स्वस्थ आलोचना को भी अपने लिए खतरा मानते हैं। अगर इस तरह के अभिव्यक्तियों को दबाने के प्रयास किए जाएंगे तो वह न केवल एक स्वतंत्र समाज के विकास में बाधक बनेगा, बल्कि इससे देश के लोकतांत्रिक मूल्य भी कमजोर होंगे।

# वैज्ञानिकों को मिल गया 'सुपर-अर्थ', खुलेंगे अनोखे रहस्य

**जरा हट के**

नासा के ट्रांज़िटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) और चिली के वेरी लार्ज टेलीस्कोप (VLT) पर लगे ESPRESSO कैमरों ने एक नई सुपर-अर्थ ग्रह की खोज की है. यह रिसर्च ब्रह्मांड में कुछ खास तरह के एक्सोप्लेनेट्स की कमी को समझने में मदद कर सकती है, जिससे खगोल विज्ञान में कई सवालों के जवाब मिल सकते हैं. यह भी पता चलेगा कि कुछ ग्रहों पर वायुमंडल क्यों नहीं.

इस नए ग्रह का नाम "TOI-776 b" है, जिसे TESS ने अपनी ट्रांज़िट पद्धति से खोजा. TESS तारों की चमक में छोटे बदलावों को मापता है, जो ग्रह के तारे के सामने से गुजरने के कारण होते हैं. TOI-776 b का आकार पृथ्वी से 1.8 गुना बड़ा और द्रव्यमान 5 गुना अधिक है. यह ग्रह अपने तारे, एक लाल बौने, के चारों ओर केवल 8.2 दिनों में चक्कर लगाता है. इसके बाद, VLT पर लगे ESPRESSO



उपकरण ने इस ग्रह की पुष्टि की और इसके द्रव्यमान को मापने के लिए रेडियल वेलोसिटी पद्धति का इस्तेमाल किया.

सुपर-अर्थ ऐसे ग्रह होते हैं जो पृथ्वी से बड़े लेकिन नेपच्यून से छोटे होते हैं. वैज्ञानिकों ने देखा है कि ब्रह्मांड में सुपर-अर्थ और मिनी-नेपच्यून के बीच एक अजीब "कमी" है, जिसे "रेडियस वैली" कहा जाता है. इस कमी का कारण अभी तक पूरी तरह समझा नहीं जा सका था, लेकिन TOI-776 b की खोज इस पहेली को सुलझाने में मदद कर सकती है.

शोधकर्ताओं का मानना है कि यह कमी ग्रहों के वायुमंडल के नष्ट होने से जुड़ी हो सकती है. TOI-776 b जैसे ग्रह, जो अपने तारे के बहुत करीब हैं, तीव्र तारकीय विकिरण के कारण अपने वायुमंडल को खो सकते हैं. ESPRESSO के डेटा से पता चला कि इस ग्रह का घनत्व बहुत अधिक है, जो संकेत देता है कि यह एक चट्टानी ग्रह है जिसने अपना प्रारंभिक हाइड्रोजन-हीलियम वायुमंडल खो दिया है। इसे "फोटोइवैपोरेशन" कहते हैं, जब तारे की ऊर्जा ग्रह के वायुमंडल को अंतरिक्ष में उड़ा देती है.

# टेस्टी मशरूम मंचूरियन

**खाना-खजाना**

**सामग्री :**

- 200 ग्राम मशरूम
- ½ कप मैदा
- ¼ कप कॉर्नफ्लोर
- ½ चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- ½ चम्मच काली मिर्च पाउडर
- ½ चम्मच अदरक-लहसुन पेस्ट
- नमक स्वादानुसार
- तलने के लिए तेल
- 1 शिमला मिर्च
- 1 प्याज
- 2 हरी मिर्च
- 1 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- 2 चम्मच सोया सॉस
- 1 चम्मच चिली सॉस
- 1 चम्मच टमाटर सॉस
- 1 चम्मच विनेगर (सिरका)
- 1 चम्मच कॉर्नफ्लोर
- ½ चम्मच काली मिर्च पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 2 चम्मच तेल
- हरा धनिया और हरा प्याज (गार्निश के लिए)

**विधि :**

एक बाउल में मैदा, कॉर्नफ्लोर, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर, अदरक-लहसुन पेस्ट और नमक डालें। इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी



डालकर एक गाढ़ा घोल तैयार करें (बटर ना ज्यादा गाढ़ा हो, ना ज्यादा पतला)। अब इसमें कटे हुए मशरूम डालकर अच्छे से कोट करें। कड़ाही में तेल गरम करें और मशरूम को गोल्डन ब्राउन और क्रिस्पी होने तक डीप फ्राई करें। फ्राई किए हुए मशरूम को टिशू पेपर पर निकाल लें ताकि एक्स्ट्रा तेल हट जाए। एक पैन में 2 चम्मच तेल डालकर गर्म करें। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और हल्का भूनें। अब हरी मिर्च, प्याज और शिमला मिर्च डालकर 2-3 मिनट तक भूनें। इसके बाद इसमें सोया सॉस, चिली सॉस, टमाटर सॉस और विनेगर डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब ¼ कप पानी डालें और उसमें कॉर्नफ्लोर का घोल डालकर ग्रेवी को गाढ़ा होने दें। नमक और काली मिर्च पाउडर डालकर स्वाद अनुसार एडजस्ट करें। तैयार ग्रेवी में फ्राइड मशरूम डालें और हल्के हाथ से मिक्स करें ताकि वो क्रिस्पी बने रहें। 2 मिनट तक पकाएं ताकि मशरूम ग्रेवी का फ्लेवर अच्छे से सोख ले। अब, गरमा-गरम मशरूम मंचूरियन को हरी चटनी या चिली सॉस के साथ स्टार्टर के रूप में परोसें।

# इस समर सीजन फॉलो करें खास स्किन केयर

## मिलेगी मुलायम और निखरी हुई त्वचा

गर्मियों में तेज धूप, उमस और पसीने के कारण स्किन ऑयली, डल और टैन हो सकती है। बढ़ती गर्मी स्किन को डिहाइड्रेट कर सकती है, जिससे पिंपल्स, सनबर्न और रैशेज जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं।
लेकिन सही स्किन केयर रूटीन को अपनाकर आप इन समस्याओं से बच सकते हैं और गर्मियों में भी फ्रेश, हेल्दी और ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं। यहां एक बहुत ही आसान और असरदार स्किन केयर रूटीन की जानकारी दी गई है, जो आपकी स्किन को हेल्दी और चमकदार बनाए रखने में मदद करेगी। आइए जानते हैं इनके बारे में।

### क्लींजिंग (डीप नरिशमेंट)

गर्मी में एक्सट्रा ऑयल, पसीना और धूल स्किन पर जमा हो जाते हैं, जिससे स्किन पोर्स बंद हो सकते हैं और ब्रेकआउट्स की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए दिन में दो बार, माइल्ड फेसवॉश से अपने फेस को वॉश करें। ऑयली स्किन के लिए सैलिसिलिक एसिड युक्त क्लींजर और ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग क्लींजर बेहतर होता है।

### टोनिंग (स्किन को फ्रेश और बैलेंस्ड रखें)

टोनर स्किन के पीएच बैलेंस को बनाए रखने में मदद करता है और पोर्स को टाइट करता है। गर्मियों में गुलाब जल, खीरे का रस या एलोवेरा युक्त टोनर का उपयोग करें, जिससे स्किन हाइड्रेटेड रहेगी।

### एक्सफोलिएशन (डेड स्किन हटाएं)

डेड स्किन सेल्स को हटाने के



लिए हफ्ते में 2-3 बार हल्का स्क्रब करें। इससे स्किन की गहरी सफाई होती है और नेचुरल ग्लो बना रहता है। मुल्तानी मिट्टी, ओटमील या कॉफी स्क्रब अच्छे नेचुरल एक्सफोलिएंट्स हैं।

### मॉइस्चराइजिंग (स्किन को हाइड्रेट और नरिश करें)

गर्मी में भी स्किन को मॉइस्चराइज करना बेहद ज़रूरी होता है। वॉटर-बेस्ड, जेल-बेस्ड या हाइलूरोनिक एसिड युक्त हल्के मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें, जो स्किन को चिपचिपा किए बिना उसे डीप नरिशमेंट दें।

### सनस्क्रीन (सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षा)

गर्मियों में स्किन को सनबर्न और प्रीमैच्योर एजिंग से बचाने के लिए एसपीएफ 30+ वाला ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन लगाएं।

### हाइड्रेशन (स्किन मॉइश्चराइज रखें)

गर्मियों में स्किन को ग्लोइंग बनाए रखने के लिए दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं और साथ में नारियल पानी, छाछ और फ्रूट-इन्फ्यूज्ड डिटॉक्स वॉटर का सेवन करें, जिससे शरीर के अंदर से नमी बनी रहे।

### लाइट मेकअप और हेल्दी डाइट अपनाएं

गर्मी में कम से कम मेकअप करें और मेकअप के लिए ऑयल-फ्री, वॉटर-बेस्ड प्रॉडक्ट्स का चुनाव करें। साथ ही, त्वचा को अंदर से स्वस्थ रखने के लिए विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट और हाइड्रेटिंग फूड्स जैसे तरबूज, खीरा, संतरा और पपीता खाएं।

## आज का राशिफल

**मेष :** रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। आशंका-कुशंका रहेगी। सहयोग प्राप्त होगा।

**वृषभ :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं। बड़ा लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। हानि पहुंचाने के प्रयास करेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** किसी भी निर्णय को लेने में विवेक का प्रयोग करें। परिवार के साथ जीवन सुखपूर्वक व्यतीत होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्ययवृद्धि होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पुराना रोग उभर सकता है।

**कर्क :** कोर्ट व कचहरी के काम से छुटकारा मिल सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**सिंह :** मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। वरिष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन लाभ में वृद्धि करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। निवेशादि मनोनुकूल रहेंगे।

**कन्या :** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा काम तथा बाहर जाने का मन बनेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभदायक रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**तुला :** भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**वृश्चिक :** कोई बड़ी परेशानी आ सकती है। भागदौड़ अधिक होगी। शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु :** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त हो सकता है। निवेश में जल्दबाजी न करें। व्यापार ठीक चलेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। भ्रम की स्थिति बन सकती है। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जल्दबाजी न करें। विवाद की स्थिति नहीं बनने दें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। आलस्य हावी रहेगा।

**कुंभ :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** आर्थिक उन्नति के लिए नई नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं, प्रयास करते रहें। आय में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# विटामिन सी और बी से भरपूर है आंवला

- **गर्मियों में करें आंवले के जूस का सेवन**
- **थकान होगी दूर तो बालों की समस्याओं से भी दिलाएगा छुटकारा**

गर्मी का सीजन अब धीरे-धीरे शुरू हो चुका है. ऐसे में आप कई तरीके के जूस भी जरूर पीते होंगे. अगर आप इस गर्मी में आंवला का जूस पीते हैं, तो इससे आपको काफी फायदा होता है और यह जूस कई गुण से भरपूर भी रहता है. इसको लेकर लोकल 18 की संवाददाता ने जिला अस्पताल अल्मोड़ा के आयुर्वेदिक डॉक्टर पंकज वर्मा ने बताया कि आंवला में विटामिन सी और बी की भरपूर मात्रा मिलती है. इसका जूस पीने से आपके शरीर को काफी फायदा पहुंचता है. इसके अलावा कई रोग भी इसमें दूर होते हैं और इसमें आयरन की भरपूर मात्रा भी इसमें रहती है.



जिला अस्पताल अल्मोड़ा के आयुर्वेदिक डॉक्टर पंकज वर्मा ने बताया कि आंवले में विटामिन सी की भरपूर मात्रा रहती है. आयुर्वेद में इस रसायन भी कहा गया है. रसायन वो औषधीय होती है या द्रव्य होते हैं, जो हमारे बुढ़ापे को आने नहीं देते हैं और रोग से हमें दूर रखते हैं. आंवला एक ऐसा फल है जिसे हर किसी को खाना चाहिए. अगर किसी को सर्दी, जुकाम या फिर श्वांस का रोग है तो वह भी दूर करता है. आंवला बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है. गर्मी में हो सके तो हर किसी को आंवला का जूस पीना चाहिए, आंवला की कैंडी, आंवला का मुरब्बा, आंवला की चटनी भी लोग खा सकते हैं. इसका प्रयोग करने से एसिडिटी भी दूर होती है.

आयुर्वेदिक डॉक्टर पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि आंवला का जूस कोई भी पी सकता है. 5 साल से लेकर 100 साल के व्यक्ति आंवला का जूस पी सकते हैं, क्योंकि यह ठंडे प्रकृति का है. हो सके तो बच्चों को आंवला की कैंडी दे सकते हैं. हर रोज लोग आवाले का जूस पी सकते हैं. इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिन्हें कफ प्रकृति के लोग हैं उन्हें डॉक्टर की सलाह से ही जूस पीना चाहिए. 10 से 20 ML आंवला का जूस लेकर आप पानी में मिलाकर इसे पी सकते हैं.

# गर्मियों में मिलने वाला शहतूत है सेहत का खजाना

गर्मियों के मौसम में खाने-पीने की चीजों की कमी नहीं होती है मार्केट में. आप कई तरह के फलों, सब्जियों का सेवन करके खुद को स्वस्थ और फिट बनाए रख सकते हैं .फल खाने से आप कई रोगों से बचे तो रहेंगी ही साथ ही पोषक तत्व भी भरपूर मिलेगा. ऐसा ही एक छोटा सा गोल मटोल लाल, काले रंग का फल है, जिसका नाम है शहतूत. हो सकता है आपने कई बार इसका नाम सुना हो या देखा दो .चलिए आज शहतूत के फायदों के बारे में जान लेते हैं.

## शहतूत के फायदे ...

- हेल्थलाइन में छपी एक खबर के अनुसार, इस फल में कई तरह के न्यूट्रिएंट्स होते हैं जैसे मैग्नीशियम, फाइबर, आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी आदि.फाइबर होने के कारण शहतूत पेट भरा रखता है, जिससे आप अधिक नहीं खाते हैं.
- पाचन चंत्र को बूस्ट करने के लिए शहतूत हर दिन खाएं. इससे पेट अच्छी तरह से साफ होता है. जिन लोगों को कब्ज, मरोड़, ऐंठन आदि की समस्या है, वे भी शहतूत खाएं.
- यदि आपको बैड कोलेस्ट्रॉल है तो आप शहतूत खाकर इस समस्या को दूर कर सकते हैं. शहतूत खाने से हार्ट डिजीज से भी बचाव हो सकता है.



- क्या आप जानते हैं कि डायबिटीज के मरीजों के लिए भी शहतूत बेस्ट माना गया है. इसके सेवन से शुगर लेवल कम होता है.टाइप 2 डायबिटीज होने का रिस्क कम रहता है.
- मेमोरी पावर को बूस्ट करना है तो अपने बच्चों को भी शहतूत खिलाएं. इसके सेवन से अल्जाइमर रोग का रिस्क कम हो जाता है. इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाए. इसके अलावा, शहतूत खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बूस्ट होगी.
- शहतूत से आपकी आंखें लंबी उम्र तक स्वस्थ रहेंगी. इसमें एक खास तत्व होता है, जो आंखों की कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है. इससे मोतियाबिंद, मैक्यूलर डिजनरेशन आदि रोग नहीं होते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी के थाने से विदा हुई दुल्हन, प्रेमी-प्रेमिका की शादी में पुलिस वाले भी बने बाराती

**सहारनपुर.** सहारनपुर जिले के थाने में एक प्रेमी-प्रेमिका की शादी हुई। युवक-युवती ने एक-दूसरे को जयमाला डाला और थाने से विदा होकर दुल्हन घर पहुंची। परिवार वालों के साथ पुलिस वाले भी बाराती बने। दरअसल, कोतवाली पहुंची युवती प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई। परिजनों के काफी समझाने के बाद भी युवती नहीं मानी। इसके बाद दोनों के परिजनों की मौजूदगी में युवती का विवाह उसके प्रेमी से कोतवाली परिसर स्थित मंदिर में करा दिया गया। सोमवार को क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी युवती शिवानी कोतवाली पहुंची। उसने गांव नसरूल्लागढ़ के रहने वाले अपने प्रेमी पर शादी न करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। युवती ने पुलिस को उसका परविंदर इस प्रेम संबंध चल रहा है। वह उसके साथ शादी कर साथ रहना चाहती है पर वह शादी नहीं कर रहा है। युवती ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

### घर में घुसकर रेप करने की कोशिश, शोर मचाने पर युवती का रेत दिया गला

**कानपुर.** यूपी के कानपुर देहात से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां काशीपुर गांव के मजरा सलेमपुर में रविवार रात दुष्कर्म का विरोध करने पर पड़ोसी युवक ने बेरहमी से किशोरी का गला रेत डाला। गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल में उसकी मौत हो गई। किशोरी के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर युवक को पकड़ लिया है। सलेमपुर गांव के रहने वाले दिव्यांग राजेश की 16 साल की बेटी कंचन उर्फ वंदना रविवार रात अपने छोटे भाई आकाश के साथ घर पर सो रही थी। देर रात पड़ोसी 18 साल का सूरज उर्फ छोटू कंचन के घर में घुस आया और जोर-जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर उसने धारदार हथियार से कंचन का गला रेत दिया। खून बहता देख वह भाग निकला। परिजनों ने पुलिस को सूचना देने के बाद कंचन को लेकर सीएचसी रूरा गए। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद हैलट अस्पताल भेज दिया गया। सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### खेल-खेल में मौत! बच्चों संग खेलते हुए रस्सी से कसा गला, 10 साल के बच्चे ने तोड़ा दम

**प्रतापगढ़.** यूपी में प्रतापगढ़ के कुंडा में बच्चों के साथ खेल रहे 10 साल के बालक की रस्सी से गला कसने से मौत हो गई। बच्चे की मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के जयचन्दपुर के ग्राम प्रधान चंद्रेश पटेल के भाई रमेश की किराने की दुकान है। रमेश के दो बेटे और एक बेटी में मझला 10 साल का सुमित उर्फ राणा रविवार दोपहर घर के पास ही गांव के बच्चों के साथ लुकाछिपी खेल रहा था। परिवार के लोग खेत गए थे। लुकाछिपी के बाद बच्चे रस्सी से खेलने लगे। इस दौरान रस्सी सुमित के गले में फंस गई। बच्चों ने रस्सी खींची तो उसका दम घुटने लगा। सुमित वहीं अचेत होकर जमीन पर गिर गया। सुमित के अचेत होते ही साथ खेल रहे बच्चे डरकर वहां से भाग निकले। किसी ने घटना की बात सुमित के परिजनों को बताई।

# कमर्शियल सिलेंडर 44.50 तक सस्ता, कार खरीदना हुआ महंगा

### 1 अप्रैल से हुए बड़े बदलाव

नया महीना यानी अप्रैल अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर इनकम टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा आज से मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, हुंडई इंडिया और होंडा की गाड़ियों के दाम बढ़ गए हैं।




**■ कॉमर्शियल सिलेंडर 44.50 सस्ता, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं**

1 अप्रैल से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 44.50 तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 41 घटकर 1762 हो गईं। पहले ये 1803 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 44.50 घटकर 1868.50 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1913 थे।

मुंबई में सिलेंडर 1755.50 से 42 घटकर 1713.50 रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1921.50 का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 KG वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।

**■ न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री**

अब न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। सरकार ने न्यू टैक्स रिजीम के स्लैब में भी बदलाव किया गया है। पुरानी टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**■ 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' स्कीम (MSSC) बंद**

सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही खास इन्वेस्टमेंट स्कीम 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' (MSSC) बंद हो गई। इस स्कीम की डेडलाइन 31 मार्च 2025 थी। इस स्कीम में 7.5% सालाना ब्याज दिया जाता था। इसमें कम से कम 1000 रुपए से लेकर अधिकतम 2 लाख रुपए का निवेश 2 साल के लिए निवेश करने होते थे।

**■ फोर व्हीलर खरीदना हुआ महंगा**

मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, हुंडई इंडिया और होंडा कार्स ने आज से अपनी गाड़ियों की कीमतें बढ़ा दी हैं। मारुति सुजुकी की गाड़ियां 4% तक महंगी हो गई हैं, यह मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी।

**■ इनएक्टिव मोबाइल नंबरों पर काम नहीं करेगा UPI**

अगर आप UPI से ट्रांजैक्शन करते हैं और बैंक से लिंक्ड आपका मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो इस नंबर पर UPI का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। ऐसे नंबरों को UPI सिस्टम से हटा दिया जाएगा। ऐसे में आपको पेमेंट करने में परेशानी हो सकती है।

**■ केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू होगी**

नेशनल पेंशन स्कीम (NPS) तहत आने वाले केंद्रीय कर्मचारी अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) का फायदा ले सकते हैं। इस स्कीम में कम से कम 25 साल की सर्विस वाले कर्मचारी अपने अंतिम 12 महीनों के औसत मूल वेतन के 50% के बराबर पेंशन के लिए पात्र होंगे। इसमें न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपए महीने की गारंटी भी है।

यह योजना पुरानी पेंशन स्कीम (OPS), नई पेंशन स्कीम (NPS) और कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के बीच एक संतुलन बनाने के लिए लाई गई है। UPS के तहत कर्मचारी अपनी सैलरी का 10% योगदान देंगे, जबकि सरकार 18.5% का योगदान करेगी (NPS में सरकार 14% देती थी)। मौजूदा NPS के तहत आने वाले कर्मचारी UPS चुन सकते हैं या NPS में ही रह सकते हैं।

**■ वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज से आय पर दोगुनी छूट**

वरिष्ठ नागरिकों को बैंक और पोस्ट ऑफिस के ब्याज से होने वाली कमाई पर मिलने वाली टैक्स छूट को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया गया है। यानी अब ब्याज की इनकम पर वरिष्ठ नागरिकों को 1 लाख रुपए तक की राहत मिलेगी।

# वक्फ संशोधन बिल आज लोकसभा में होगा पेश

**■ 8 घंटे चर्चा होगी**

**■ अखिलेश बोले- विरोध करेंगे**

**■ योगी ने कहा- बदलाव समय की मांग**



**नई दिल्ली.** वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जाएगा। BJP ने अपने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी कर दिया है।

बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (BAC) ने जब इस बात की जानकारी दी, तब विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है।

हालांकि विपक्ष ने BAC की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी (SP) सुप्रीमो और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हम बिल का विरोध करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ में सुधार समय की मांग है।

वक्फ संशोधन बिल पर आज भी लोकसभा में हंगामा हुआ। प्रश्नकाल खत्म होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी।

**संसदीय कार्य मंत्री बोले- देश जानना चाहता है किसका क्या स्टैंड**

भाजपा ने व्हिप जारी कर अपने सांसदों को सदन में पूरे समय मौजूद रहने को कहा है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजीजू ने कहा कि हम बिल पर चर्चा चाहते हैं। सभी राजनीतिक दलों को इस पर बोलने का अधिकार है। देश भी जानना चाहता है कि किस पार्टी का क्या स्टैंड है। अगर विपक्ष चर्चा में शामिल नहीं होना चाहता तो हम उन्हें रोक नहीं सकते।

# आसाराम ने जोधपुर जेल में किया सरेंडर

**■ पैर पर प्लास्टर बांधकर पहुंचा**

**■ अंतरिम जमानत खत्म**

**■ जमानत बढ़ाने की याचिका पर आज होगी सुनवाई**

**जोधपुर.** नाबालिग से रेप करने वाला आसाराम ने जोधपुर जेल में सरेंडर कर दिया है। पैर में प्लास्टर बांधकर पहुंचे आसाराम की अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो गई है। आसाराम के वकील ने जमानत अवधि बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की है, जिस पर कोर्ट 2 अप्रैल को सुनवाई करेगी। कोर्ट में 29 से 31 मार्च तक छुट्टी के बाद मंगलवार को आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने सुनवाई का आग्रह किया था। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद आसाराम को 3 महीने की अंतरिम जमानत दी गई है। राजस्थान हाईकोर्ट के वकील दिनेश जैन ने बताया- आसाराम की ओर से अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने के आवेदन पर बुधवार को सुनवाई होगी। यदि कोर्ट अंतरिम जमानत की अवधि नहीं बढ़ाती है तो आसाराम को जेल में ही रहना होगा।

## गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटा

# MP के 18 मजदूरों की मौत, 3 घायल

**■ दो दिन पहले ही पहुंचे थे मजदूरी करने**





**बनासकांठा.** गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्य प्रदेश के 18 मजदूरों की मौत हो गई। 3 की हालत गंभीर है। वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं।

फैक्ट्री डीसा तहसील के धुनवा रोड पर है। मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे।

हादसे के शिकार सभी मृतक और घायल मजदूर मध्य प्रदेश के निवासी हैं। फैक्ट्री से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए यहां आए थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है।

**3 लोग 40 प्रतिशत से अधिक जल गए**

डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है।

**पटाखे बेचने का लाइसेंस था, बनाने का नहीं**

दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे। हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

### दो मालगाड़ियां टकराईं, 2 लोको पायलट की मौत

झारखंड के साहिबगंज में दो मालगड़ियों की सीधी टक्कर हो गई है। हादसा सोमवार देर रात तीन बजे हुआ है। इस हादसे में दो लोको पायलट की मौत हो गई है। वहीं सुरक्षा में लगे CISF के 4 जवान घायल हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि एक गुड्स ट्रेन पटरी पर खड़ी थी। इसी बीच उसी ट्रैक पर दूसरी गुड्स ट्रेन आ गई। इस वजह से दोनों ट्रेनों की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में जिन 2 लोको पायलट की डेथ हुई है, उनमें से अंबुज महतो बोकारो के रहने वाले थे। वहीं बीएस मॉल बंगाल के रहने वाले थे। घायलों का इलाज बरहेट सदर अस्पताल में चल रहा है। टक्कर के बाद कोयला लदी मालगाड़ी में आग लग गई और कई बोगियां पटरी से उतर गईं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुट गईं।

# फैक्ट्री से गैस-लीक, मालिक सहित 3 की मौत

**■ 60 से ज्यादा हुए थे बेहोश**

**■ 2 की हालत गंभीर**

**■ इलाके को खाली करवाया**






**ब्यावर.** ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित 3 की मौत हो गई। दो लोगों की हालत अब भी गंभीर है।

हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों ब्यावर और अजमेर सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। गैस के असर से कई पालतू जानवर और आवारा कुत्तों की भी मौत हुई है।

घटना ब्यावर थाने के बाड़िया क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात 10 बजे की है। फैक्ट्री के नजदीक के कई घरों को खाली करवाया गया है।

**गैस को नियंत्रित करने में लगे कंपनी मालिक की मौत**

इस हादसे में कंपनी मालिक सुनील सिंघल (47) की मौत हो गई। वो रातभर गैस को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अजमेर जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया गया था। सोमवार रात को ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, मंगलवार सुबह दो और पीड़ित नरेंद्र सोलंकी (40) और दयाराम (52) ने भी दम तोड़ दिया। जेएलएन में दो मरीज अब भी गंभीर हालत में एडमिट हैं। इनमें ब्यावर निवासी बाबूलाल (54) पुत्र कालूजी, लक्ष्मी देवी (62) पत्नी कैलाश शामिल हैं।

**सेंकेंड में गैस से भरा इलाका**

जानकारी के अनुसार कंपनी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस का रिसाव हुआ। रिसाव इतना तेज था कि कुछ सेकेंड में ही गैस आसपास के रिहायशी इलाके में फैल गई। घरों के अंदर मौजूद लोग भी इसकी चपेट में आ गए। लोगों को दम घुटने के साथ आंखों में जलन की भी परेशानी हुई। मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने पीड़ितों को हॉस्पिटल पहुंचाया।

**प्रशासन ने एरिया खाली करवाया**

वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रात करीब 11 बजे गैस लीकेज पर काबू पा लिया गया। साथ ही, एहतियातन फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्र को खाली करवा दिया गया। स्थानीय क्षेत्र के लोगों में अभी भी दहशत का माहौल है। कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने फैक्ट्री को सीज करने के आदेश दिए हैं।

# IPL डेब्यू में चमके अश्विनी पहली ही गेंद पर विकेट



**■ IPL डेब्यू में 4 विकेट**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 18वें सीजन में मुंबई इंडियंस (MI) की ओर से खेलते हुए गेंदबाज अश्विनी कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। 31 मार्च की शाम को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के खिलाफ अश्विनी ने 3 ओवर में 4 विकेट झटके। यह IPL के डेब्यू मैच में किसी भी भारतीय गेंदबाज की ओर से किया गया सबसे अव्वल प्रदर्शन है। इसके बाद अब लोगों को यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर अश्विनी कुमार हैं कौन? कहां के रहने वाले हैं? उन्होंने किस तरह यहां तक का सफर तय किया?

अश्विनी कुमार पंजाब में मोहाली के एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने क्रिकेट का सफर मोहाली डिस्ट्रिक्ट एकेडमी में कोच हरविंदर सिंह के सानिध्य में शुरू किया था।

अपने गांव से मोहाली तक वह हर रोज साइकिल से जाते थे और घर से रोजाना 30 रुपए पॉकेट मनी लेते थे। खैर अब साइकिल का सफर हवाई सफर में तब्दील हो चुका है और 30 रुपए रोजाना पॉकेट मनी लेने वाले अश्विनी 30 लाख रुपए में IPL खेल रहे हैं।

अश्विनी कुमार विकेट टु विकेट बॉल करने के चलते आसानी से किसी भी बल्लेबाज को शिकार बना लेते हैं। कोच बताते हैं- आज जिस अश्विनी कुमार को आप देख रहे हैं, उसका IPL का सफर आसान नहीं रहा। मीडियम पेसर बनने के लिए उसने सुबह-शाम प्रैक्टिस की है। अपनी टीम में वह यॉर्कर बॉय के नाम से मशहूर है और अच्छी यॉर्कर फेंकता है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रयागराज के बुलडोजर एक्शन ने झकझोर दिया



## घर गिराने पर कहा- यह अमानवीय; 10-10 लाख मुआवजा देने का आदेश

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को मकान गिराने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने अधिकारियों के बुलडोजर एक्शन को अमानवीय और अवैध बताया। साथ ही कहा- 2021 में हुई इस कार्रवाई के दौरान दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ख्याल नहीं रखा गया।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा- देश में लोगों के रिहायशी घरों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता है। इसने हमारी अंतरआत्मा को झकझोर दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-** राइट टु शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। इस तरह की कार्रवाई किसी भी तरह से ठीक नहीं है।

प्रयागराज प्रशासन ने 2021 में गैंगस्टर अतीक की प्रॉपर्टी समझकर एक वकील, प्रोफेसर और 3 अन्य के मकान गिरा दिए थे। सुप्रीम कोर्ट में वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों ने याचिका दाखिल की थी। ये वो लोग हैं, जिनके मकान तोड़े गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकी याचिकाएं ठुकरा दी थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को आदेश दिया कि जिनके मकान गिराए गए हैं, उन्हें 6 हफ्तों के भीतर 10-10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।

### KIIT के एक और छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

ओडिशा में कलिंग इन्स्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलॉजी (KIIT) यूनिवर्सिटी के एक और छात्र का शव मिला है। इसकी पहचान अर्णव मुखर्जी के तौर पर हुई, जो बीटेक का थर्ड ईयर स्टूडेंट था। मंगलवार को भुवनेश्वर के मानचेस्वर इलाके में एक अधूरी इमारत से रहस्यमय परिस्थितियों में डेडबॉडी मिली। मालूम हो कि यह संस्थान में 2 महीने के भीतर दूसरी संदिग्ध मौत है।

अर्णव मुखर्जी पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले का रहने वाला था जो यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहता था। वह अपने हॉस्टल से दूर मानचेस्वर कैसे पहुंचा, यह पुलिस की जांच का विषय है। स्थानीय लोगों की नजर जब शव पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद डेडबॉडी को कैपिटल हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।


### सार्वजनिक नोटिस/ जाहीर नोटिस

मेरे मुवक्किल श्री सुरेश उर्फ सुरेशलाल पुत्र पीताम्बर भाटिया, हिंदू वयस्क, उम्र लगभग 47 वर्ष, व्यवसायः व्यापार और श्रीमती रितु सुरेशलाल भाटिया, हिंदू वयस्क, उम्र लगभग 44 वर्ष, व्यवसायः व्यापार की ओर से यह नोटिस दिया जाता है कि दोनों श्री कृष्णा को-ऑप हाउसिंग सोसाइटी, फ्लैट नंबर 202, भाटिया चौक रोड, उल्हासनगर 421005, जिला ठाणे में रहते हैं।

मेरे मुवक्किल ने एक संपत्ति अर्थात देवकी रेजीडेंसी, फ्लैट नंबर 102, प्रथम तल, देव समाज रोड, उल्हासनगर- 421 004, जिला ठाणे, श्री जीतनकुमार लछमनदास लखवानी से खरीदी है और उन्होंने उक्त संपत्ति को क्रमांक 1437/2025 दिनांक 18/03/2025 के साथ पंजीकरण कार्यालय उल्हासनगर से पंजीकृत कराकर कानूनी कब्जा प्राप्त कर लिया है, जो उल्हासनगर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में है।

यह वर्तमान सार्वजनिक नोटिस मेरे मुवक्किल की ओर से दिया गया है, यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर समर्थित दस्तावेजों के साथ दावा कर सकता है, अन्यथा इसे किसी भी पक्ष की ओर से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं माना जाएगा।

**संपत्ति की अनुसूची**

देवकी रेजीडेंसी, फ्लैट नंबर 102पहली मंजिल, देव समाज रोड, उल्हासनगर 421 004, जिला ठाणे। संपत्ति संख्या 5oDlo19544700

Sd/-
**ऑड. नंदा एस. उदासी**



स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
अंबरनाथ नगरपरिषद
**अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ**
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र.अंनप/बांधकाम विभाग / 2025-26 /04 — दि. 1/4/2025

### कोटेशन नोटीस

अंबरनाथ नगरपरिषदेस खालील काम करावयाचे असुन, नोंदणीकृत ठेकेदार यांचेकडुन त्याबाबत सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहेत. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी सदर कामांचे दर सर्व करांसह बंद पाकीटात खाली सही करणार यांचेकडे दि. 8/04/2025 रोजी सायं 3.00 वाजे पर्यंत आणून द्यावेत. तसेच आलेली कोटेशन त्याच दिवशी किंवा प्रशासनाच्या सोयीनूसार हजर कोटेशन धारकांसमक्ष उघडण्यात येतील. कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणेचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखून ठेवला आहे. तसेच खालील पैकी कोणतेही एक कागदपत्र सादर न केल्यास किंवा सादर केलेल्या कोणत्याही कागदपत्रात खरेपणा न आढळल्यास कोटेशन फेटाळण्यात येतील याची नोंद घ्यावी.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रु. (GST वगळून) | इसारा रक्कम रु. |
|---|---|---|---|
| 01. | अंबरनाथ पूर्वेकडील शिवाजी नगर येथील अभिनव चाळ परिसरात कांक्रीट रस्ता बांधणे. | रु.8,32,978.00 | रु. 8329/- |

**1) तांत्रिक बोलीचा लिफाफा क्र. 01**
अ) पॅनकार्ड
क) कॉन्ट्रॅक्टर परवाना.
ड) जी.एस.टी. नोंदणी प्रमाणपत्र.
इ) इसारा रक्कमेचा डी.डी

**2) वित्तीय बोलीचा लिफाफा क्र. 02**
अ) मूळ प्रतितील दरपत्रक.

**टिप :-** सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
प्रत :- सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.

सही/-
**(डॉ. प्रशांत रसाळ)**
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद

## संक्षेप...

### करोड़ों की ठगी का मामला दर्ज

**ठाणे.** निवेश करने पर अधिक रिफंड एवं जमीन के नाम पर स्कीम में लगभग 100 लोगों के साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. इस संदर्भ ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है. बताया गया कि वर्ष 2015 से 2019 के बीच ठाणे शहर के बाजार पेठ इलाके में दो कंपनियां स्थापित की गईं थी. कहा गया था कि इन कंपनियों में निवेश करने पर अच्छा रिटर्न मिलेगा. इसमें विभिन्न योजनाएं शामिल थीं, जैसे एक लाख रुपये पर पांच वर्षों में 69,000 रुपये का भुगतान, तथा 50,000 रुपये पर तीन वर्षों में कुल 39,600 रुपये का भुगतान. यदि कंपनी की योजना में 1 लाख रुपए निवेश करते हैं, तो आपको प्रति माह 1.5 हजार रुपए मिलेंगे और मूलधन तीन साल बाद वापस कर दिया जाएगा.

# बाला साहब की विचारधारा मानेंगे या राहुल गांधी की?

■ **वक्फ बिल पर देवेंद्र फडणवीस का उद्धव ठाकरे पर तंज**



**मुंबई.** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 2 अप्रैल को लोकसभा में वक्फ बिल पेश करेगी। इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस की तैयारी पूरी है। भाजपा ने व्हिप जारी करते हुए सभी सांसदों से सदन की कार्यवाही पर उपस्थित होने का आदेश दिया है। उधर, कांग्रेस ने भी अपने सभी लोकसभा सांसदों को अगले तीन दिनों तक सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा है। बिल को लेकर नेताओं की बयानबाजी भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसा है। कहा कि देखना दिलचस्प होगा कि उद्धव बाला साहेब की विचारधारा अपनाते हैं या राहुल गांधी का साथ देते हैं।

देवेंद्र फडणवीस ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने x पर लिखा, ₹वक्फ संशोधन बिल कल संसद में पेश होगा, अब देखना है कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा का पालन करती है या राहुल गांधी के कदमों पर चलकर तुष्टीकरण करती है।₹

फडणवीस का यह बयान शिवसेना और कांग्रेस के बीच राजनीतिक संबंधों पर एक नया विवाद उत्पन्न कर सकता है, खासकर जब से यह टिप्पणी उद्धव ठाकरे की पार्टी के रुख को लेकर उठाई गई है।

### वक्फ बिल पर घमासान

वक्फ संशोधन विधेयक विचार और पारित कराने के लिए बुधवार को लोकसभा में लाया जाएगा और इस दौरान हंगामा होने के आसार हैं क्योंकि विपक्षी दल इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

केंद्रीय अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सदन की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस विधेयक पर आठ घंटे की चर्चा के लिए सहमति बनी जिसे सदन की भावना के अनुरूप और बढ़ाया जा सकता है।

# सेंचुरी रेयान कंपनी ने तपेदिक उन्मूलन के लिए 100 रोगियों को गोद लिया



**उल्हासनगर.** यहां की 'सेंचुरी रेयान' कंपनी ने सामाजिक जागरूकता को बनाए रखने के लिए एक सराहनीय पहल की है और 100 तपेदिक रोगियों को गोद लिया है। उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने इस संवेदनशील और प्रेरक पहल के लिए कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी मेहुल लालका को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर उल्हासनगर महानगरपालिका में 'राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम' के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मनपा मुख्यालय में आयुक्त के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस बार रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता; इसके अलावा, 'निक्षय मित्रों' के माध्यम से क्षय रोगियों को पोषण आहार वितरित किया गया। सरकार 'निक्षय पोषण योजना' के तहत तपेदिक रोगियों को 1,000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान करती है

यह धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा कर दी जाती है। हालाँकि, चूंकि पोषण की आवश्यकता इससे भी अधिक है, इसलिए केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री क्षय रोग मुक्त भारत' पहल शुरू की है। इस पहल में निजी संगठनों, उद्योग समूहों, सामाजिक संगठनों और धर्मार्थ व्यक्तियों से आग्रह किया गया है कि वे पहल करें और मरीजों को अतिरिक्त पोषण, निदान, शिक्षा और वित्तीय सहायता प्रदान करें। इस अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, उल्हासनगर शहाड स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई सेंचुरी रेयान कंपनी ने दूसरे वर्ष में 100 तपेदिक रोगियों को गोद लिया। कंपनी ने इन मरीजों को नियमित पोषण सहायता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली है। इस समुदायोन्मुखी पहल की सराहना करते हुए आयुक्त ने कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी मेहुल लालका को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# शहर में धूमधाम से मनाया गया ईद त्यौहार



**ठाणे.** ईद उल फित्र यह पवित्र माह रमज़ान के समाप्त होने के बाद रोजादारो के लिए अल्लाह के तरफ से इनाम है।इसलिए कि मुसलमान इस पवित्र माह में सभी आजमाईस से गुजरते है।जैसे भूख प्यास सहन करना जकत यानी गरीबो को दान देना, फ़ितरा देना ताकि हर गरीब से गरीब मुसलमान ईद पर्व को खुशी के साथ में मना सके।इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस उपायुक्त प्रशांत कदम,सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत शिंदे,वागले पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिवाजी गवारे,ट्रैफिक पुलिस का बड़ा सहयोग रहा।

# उल्हासनगर की मंशा मनोज खत्री ने संसद में किया महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व

**उल्हासनगर.** केंद्रीय सरकार द्वारा विकसित भारत यूथ संसद का आयोजन किया गया। जिसमें देश के चुनिंदा युवाओं को इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का अवसर में जिसमें उल्हासनगर की मंशा मनोज खत्री ने भी शिरकत की। यह उल्हासनगर शहर के लिए एक गर्व की बात है कि मंशा को इतना बड़ा अवसर मिला जिसमें वो पूरी तरह से खरी उतरी।




केंद्र सरकार के तत्वावधान में हुए इस विशेष आयोजन- विकसित भारत युवा संसद में देश के 108 युवा प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा हो रही है। कुल 108 युवा प्रतिभागियों के बीच 'एक देश एक चुनाव', विकसित भारत पर प्रश्नकाल जैसी उच्च स्तरीय चर्चाओं में भाग लेंगे। समापन के समय एक प्रस्ताव लाया जाएगा। संसद के एक वरिष्ठ सदस्य मास्टरक्लास का आयोजन करेंगे, जहां युवाओं को आवश्यक भाषण और नेतृत्व कौशल सिखाए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में शरीक होने वाले युवाओं को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही में भाग लेने से शासन के बारे में सीधी जानकारी मिलेगी। ये युवा भारत की राजनीतिक यात्रा और नेतृत्व की कहानियों के बारे में भी जानकारी हासिल करेंगे। योजना के मुताबिक इन्हें पीएम संग्रहालय का दौरा भी कराया जाएगा।

### बैंकों को पत्र भेजकर मनसे ने ग्राहकों से मराठी भाषा में संवाद करने को कहा

**ठाणे.** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ठाणे जिले के सभी बैंकों को पत्र भेज करके कहा है कि ग्राहकों से संवाद की प्राथमिक भाषा मराठी होनी चाहिए. उन्होंने शहर में एक बैंक के बाहर लगे उस बैनर को उतार दिया जिस पर मराठी भाषा में कुछ भी नहीं लिखा था.

## नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह

**अज न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या 1 अलवर (राज.)**

इजराय प्रार्थना पत्र संख्या 36/12/23 सन् 2025

1- बाबूसिंह पुत्र केवल सिंह ग्राम लिवारी मृतक जरिये वारिसान मु० लडकी कौर व अन्य-डिक्रीदारान

**बनाम**

1- पम्मी कौर बेवा अर्जुन सिंह व अन्य हाल निवासी चाल नम्बर 55/11, आकाश कॉलोनी, उल्लहास नगर, जिला ठाणे महाराष्ट्र

**इजराय प्रार्थना पत्र बाबत डिक्री दिनांक 05-04-14**

बनामः- 1. पम्मी कौर बेवा अर्जुनसिंह — इजराय-36/12/23

2. मस्कीन पुत्र अर्जुनसिंह — पेसी- 1/5/2025

3. बादल सिंह पुत्र अर्जुनसिंह हाल निवासीयान चाल नम्बर 55/11, आकाश कॉलोनी, उल्लहास नगर, जिला ठाणे महाराष्ट्र

4. श्रीमती शकुन्तला कौर पुत्र अर्जुनसिंह पत्नी मोहनसिंह हाल निवासी बंगला नम्बर 1 श्री सांई आशिष बंगलाज, प्लॉट संख्या 6 सर्वे नम्बर 86 नियर शिवमंदिर रोड अम्बरनाथ जिला ठाणे

5/1 पारी कौर पत्नी स्व० श्री शेरसिंह

5/2 गुरतेजसिंह पुत्र स्व० श्री शेरसिंह

5/3 गजराजसिंह पुत्र स्व० श्री शेरसिंह

5/4 दर्शनसिंह पुत्र स्व० श्री शेरसिंह

5/5 जसप्रीत कौर पुत्री स्व० श्री शेरसिंह

6. दिलीपसिंह पुत्र अर्जुनसिंह हाल निवासीयान चाल नम्बर 55/11, आकाश कॉलोनी, उल्लहास नगर, जिला ठाणे महाराष्ट्र

जो कि उक्त डिक्रीदार ने आपके खिलाफ एक इजराय प्रार्थना पत्र न्यायालय की डिक्री दिनांक 05-04-2014 की पालना में रजिस्ट्री कराने हेतु इस न्यायालय में पेश किया है एवं यह जाहिर किया है कि आप अमदन तामील से गुरेज करते हैं और तामील नहीं होने देते हैं। अतः यह लापता नोटिस आपके नाम जारी करते हुए आपको इस तहरीर से इजराय की कार्यवाही में दिनांक 1 माह 5 सन् 2025 के 7.30 बजे अदालत में उपस्थित होने के लिए यह नोटिस जारी किया जाता है, आप उक्त दिनांक को असालतन या मार्फत ऐसे वकील के जो मुकदमें से वाकिफ किया गया हो के हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि आप उक्त इजराय की कार्यवाही के खिलाफ जो भी कथन करना चाहें, कर सकते हैं।

आगाह रहो कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो इजराय में आपकी गैरहाजरी में कार्यवाही की जावेगी।

वसख्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज तारीख 28 माह 3 सन् 25 को जारी किया गया।

मोहर

हस्ताक्षर न्यायाधीश
अपर जिला न्यायाधीश
सं०-1, अलवर (राज०)

# ठाणे में 25 स्थानों पर अस्थायी पेय जल की शुरुआत

■ **गर्मी से लड़ने के लिए विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से मनपा की पहल**




**ठाणे.** बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए ठाणे महानगरपालिका द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार विभिन्न संस्थाओं की मदद से मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 25 स्थानों पर पेयजल की शुरूआत की गई। सिंचाई योजनाएं शुरू की गई हैं।मनपा के साथ-साथ यस चैरिटेबल ट्रस्ट, जेवीएम चैरिटेबल फाउंडेशन और समर्थ भारत ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इस पहल की शुरुआत मंगलवार को ठाणे स्टेशन परिसर में स्थित सेटिस के नीचे उद्घाटन किया गया। शहर में बढ़ते शहरीकरण के कारण उत्पन्न गर्मी संकट को नियंत्रित करने के लिए पिछले वर्ष ठाणे के लिए एक व्यापक ताप प्रबंधन योजना तैयार की गई थी। यह योजना महाराष्ट्र सरकार मनपा और ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है।मनपा भीषण गर्मी से निपटने के लिए सतर्क है और स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार महानगरपालिका क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।आयुक्त सौरभ राव द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनपा क्षेत्र में शुरू किया गया।नगर निगम क्षेत्र में सिंचाई शुरू कर दी गई है।ठाणे स्टेशन, कोपरी ब्रिज, आइस फैक्ट्री, आशर आईटी पार्क, किसन नगर स्कूल, एमआईडीसी-अंबिका नगर नंबर 3, पडवल नगर, हजूरी गांव, पासपोर्ट कार्यालय बस स्टॉप,तीन हात नाका, कोलशेत रोड नाका,बालकुम नाका, मजीवाड़ा नाका, कलवा स्टेशन रोड, 90 फीट रोड-खारेगांव, कलवा नाका-दत्त मंदिर, कौसा तालाब, वफा पार्क, अमृत नगर पुलिस चौकी-मुंब्रा, लोकमान्य डिपो, सेंट्रल जेल के पीछे- रबोडी नाका, वर्तकनगर कोर्ट नाका, शास्त्री नगर नाका आदि जगहों पर शुरुआत किया गया।

## आम सूचना

मैं श्रीमती सुशिलाबाई बाबू सालवे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 122 के सामने, तेजुमल चक्की के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एओ014352000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुमन पवन कुमार शर्मा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.4.2025 सी.नं. 1379/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुशिलाबाई बाबू सालवे**

## आम सूचना

हम श्री चेलाराम परचोमल रोहरा व श्रीमती कोमल चेलाराम रोहरा सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 102, किंग पैलेस अपार्टमेंट, बैरक नं. 208, रुम नं. 9 से 12, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 18बीआय017825600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ज्योति नंदलाल मंगतानी के नाम पर है उन्होंने श्री सुरेश जेठानंद पेसवानी व श्रीमती किरण सुरेश पेसवानी से सेल एग्रीमेंट 27.1.2011 और उन्होंने श्री अमर ठाकुरदास बचरानी से सेल सेल 20.12.2007 सी.नं. 20.12.2007 सी.नं. 2766/2007 को खरेदी है। हमने श्रीमती ज्योति नंदलाल मंगतानी से सेल एग्रीमेंट दि. 29.3.2023 सी.नं. 677/2023 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री चेलाराम परचोमल रोहरा**
**व श्रीमती कोमल चेलाराम रोहरा**

# दिशा सालियान केस में दो पूर्व एसीपी ने वकील को सौंपे सबूत



**मुंबई.** बॉलीवुड अभिनेता दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत से जुड़े मामले में दो पूर्व पुलिस अधिकारियों ने उनके पिता और वकील को एक पेन ड्राइव सौंपी है जिसमें हत्या के कुछ सबूत सामने आ सकते हैं।

पूर्व सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ए.पी. निपुंगे और भीमराज घाडगे दिशा के पिता सतीश सालियान के साथ उनके अधिवक्ता नीलेश ओझा के कार्यालय गए और अतिसंवेदनशील महत्वपूर्ण साक्ष्य के तौर पर उन्हें पेन ड्राइव सौंपा।

इस पेन ड्राइव में साक्ष्य के रूप में दिशा सालियान के साथ सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और उसके बाद मामले को कवर-अप करने के मामले में विशेष सामग्री है जिससे इस मामले में नया खुलासा हो सकता है।

# मलाइका के घर अनजान लड़की

■ **एक्ट्रेस बोलीं- डर गई थी, फैन का तरीका अजीब था, समझ नहीं आया कैसे पहुंची**



बॉलीवुड में एक्टर्स के दीवाने फैंस होना आम बात है, लेकिन क्या हो जब कोई अजनबी बिना बताए आपके घर के अंदर पहुंच जाए?

ऐसा ही कुछ मलाइका अरोड़ा के साथ हुआ। जब वह अचानक अपने लिविंग रूम में एक अनजान लड़की को बैठा देखकर हैरान रह गईं। सबसे डरावनी बात यह थी कि उसके बैग में एक कैंची भी थी। इस इंसिडेंट को मलाइका ने खुद साझा किया।

■ **लिविंग रूम में बैठी मिली अनजान लड़की**

बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में मलाइका ने बताया, 'मैं ऊपर कमरे में तैयार हो रही थी। जब नीचे आई तो देखा कि एक लड़की मेरे लिविंग रूम में बैठी थी। मुझे समझ ही नहीं आया कि ये कौन है और यहां तक कैसे पहुंची। कोई अंदाजा नहीं था, कुछ पता नहीं था, बस वो बैठी थी।'

■ **बैग में निकली कैंची, डर गईं मलाइका**

आगे उन्होंने कहा, 'जब मैंने गौर किया, तो देखा कि उसके बैग में कैंची जैसी कोई चीज थी। मुझे सच में थोड़ा डर लगा। फिर समझ आया कि यह मेरी बहुत बड़ी फैन है, लेकिन तरीका कुछ अजीब था। मैंने खुद को शांत रखा और हालात को संभालने की कोशिश की।'

■ **अभी किन प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं मलाइका**

फिल्मों से दूर रहने के बावजूद मलाइका लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह रियलिटी शोज की पसंदीदा जज हैं और फिटनेस के फील्ड में भी बड़ी प्रेरणा मानी जाती हैं।

इसके अलावा, वह फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़े कई ब्रांड्स का हिस्सा हैं। हाल ही में उनका नया रेस्टोरेंट शुरू हुआ, जिससे वह बिजनेस की दुनिया में भी मजबूत पकड़ बना रही हैं।

■ **निजी जिंदगी में क्या चल रहा है**

मलाइका की पर्सनल लाइफ भी अक्सर चर्चा में रहती है। अर्जुन कपूर के साथ उनका रिश्ता काफी समय तक सुर्खियों में रहा, लेकिन अब दोनों के रास्ते अलग हो चुके हैं। फिलहाल, मलाइका अपनी जिंदगी और करियर पर पूरा ध्यान दे रही हैं।




**STAFF REQUIRED**

**SINDHI MALE**

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
**MR. RAJESH**
**Mob. No. : 9307579475**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099